## जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के निदेशक मण्डल की 27वीं बैठक जो दिनांक 14.01.2019 को सम्पन्न हुई, का कार्यवृत्त।

**उपस्थिति**

| | |
|---|---|
| 1- श्री सेंथिल पांडियन सी0 | अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक |
| 2- श्री बी0एस0 तिवारी | निदेशक |
| 3- श्री सुधांशु द्विवेदी | निदेशक |
| 4- श्री सुधीर चक्रवर्ती | निदेशक |
| 5- श्री संजय तिवारी | निदेशक |

**सहायतार्थ**

| | |
|---|---|
| श्री प्रदीप सोनी | कम्पनी सचिव |

श्री सेंथिल पांडियन सी0 की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**मद संख्या - 27.1**

**निगम के निदेशक मण्डल की 26वीं बैठक जो दिनाँक 27.09.2018 को सम्पन्न हुई, की कार्यवाही की पुष्टि के सम्बन्ध में।**

कम्पनी सचिव द्वारा निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि दिनांक 27.09.2018 को सम्पन्न हुई निदेशक. मण्डल की 26वीं बैठक के कार्यवृत्त जिस पर माननीय अध्यक्ष द्वारा 28.09.2018 को हस्ताक्षर किये गए, का पुष्टिकरण किया जाना अपेक्षित है।

निदेशक मण्डल द्वारा निम्न प्रस्ताव पारित किये गये :-

"निदेशक मण्डल ने 26वीं बैठक जो दिनांक 27.09.2018 को सम्पन्न हुई, के प्रस्तुत कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।"

**मद संख्या - 27.2**

**निदेशक मण्डल के सदस्यों से परिचालन माध्यम द्वारा पारित प्रस्ताव के पुष्टिकरण के सम्बन्ध में।**

निदेशक मण्डल ने परिचालन माध्यम से पारित किये गये प्रस्तावों का पुष्टिकरण करते हुए, उसे इस बैठक के कार्यवृत्त में निम्नवत उद्धरित करने का अनुमोदन प्रदान किया :-

1. **Extract of Resolution passed on 24.10.2018 by circulation for Compulsory dematerialised of the Securities of the Company.**

CHAIRMAN'S INITIAL

Scanned by CamScanner

## Decision taken by the Board of Directors

"**Resolved that** approval of Board of Directors be and is hereby accorded for engagement of NSDL as Depository, NDML as Registrar and Transfer Agent and Stock Holding Corporation Ltd as Depository Participant on such fees as mentioned in the letter dated 15.10.2018 of Stock Holding Corporation of India Ltd.

**Further resolved that** Director (Finance) and / or Company Secretary of the Company be and is hereby authorized to take necessary action to complywith the provisions of section 29 read with rule 9A of Companies (Prospectus and Allotment of Securities) Rules, 2014 with respect to Dematerialization of Securities, opening of Demat account and signing of the such deeds, documents, agreements etc. required in this regard."

## मद संख्या - 27.3

**जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के वित्तीय वर्ष 2018–19 के वैधानिक सम्प्रेक्षक की नियुक्ति एवं उनकी सम्प्रेक्षा फीस के अनुमोदन के सम्बन्ध में ।**

निदेशक मण्डल ने निगम के वित्तीय वर्ष 2018–19 के वैधानिक सम्प्रेक्षकों की नियुक्ति एवं उनकी सम्प्रेक्षा फीस का अनुमोदन प्रदान करते हुए निम्न प्रस्ताव पारित किया :–

"वित्तीय वर्ष 2018–19 के वार्षिक लेखों की वैधानिक सम्प्रेक्षा हेतु नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक, नई दिल्ली द्वारा पत्रांक: CA.V/COY/UTTAR PRADESH JAWVID(1)/1197 दिनांक 19.09.2018 द्वारा नियुक्त किये गये वैधानिक सम्प्रेक्षक की नियुक्ति उनके सम्मुख अंकित सम्प्रेक्षा शुल्क पर किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया।

| क्र.सं. | संवैधानिक सम्प्रेक्षक | परियोजना /इकाई जिसके लिए सम्प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। | सम्प्रेक्षा शुल्क (जी0एस0टी0 अतिरिक्त देय है) ( रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1. | ओम रस्तोगी एण्ड कम्पनी (CR3029) 43/121, नवल किशोर रोड, द्वितीय तल, पदमाकर भवन, हजरतगंज लखनऊ। | मुख्यालय, लखनऊ। | 30000.00 |

**पुनः संकल्प लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए वैधानिक सम्प्रेक्षक की नियुक्ति एवं उनकी फीस का औपचारिक अनुमोदन अंशधारियों से भी प्राप्त कर लिया जाये।**

CHAIRMAN'S INITIAL

Scanned by CamScanner

**मद संख्या - 27.4**

**जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना के भुगतान हेतु Letter of Credit (LC) के माध्यम से भुगतान हेतु निदेशक मण्डल के अनुमोदनार्थ प्रस्ताव।**

निदेशक (परि0 एवं वा0) द्वारा अवगत कराया गया कि जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना का निर्माण ई0पी0सी0 निविदाकर्ता मै0 दूसान पावर सिस्टम इण्डिया प्राइवेट लि0 के माध्यम से शासन के अनुमोदन उपरान्त कराया जा रहा है।

ई0पी0सी0 कार्य के निविदा विशिष्टीकरण के अनुसार अनुबन्ध में Mode of Payment की शर्तो के अनुसार भुगतान Letter of Credit(LC) के माध्यम से किया जाना प्राविधानित है।

निदेशक (परि0 एव वा0) द्वारा भुगतान की शर्तो का विवरण प्रस्तुत किया गया।

उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0 के निदेशक मण्डल की दिनांक 02.01.2014 को सम्पन्न हुई 160वीं बैठक में भुगतान की उपरोक्त शर्त का अनुमोदन हरदुआगंज 1X660 मेगावाट परियोजना के लिये ई0पी0सी0 कार्यदायी संस्था के चयन हेतु तैयार किये गये निविदा विशिष्टीकरण के लिए दिया गया था। जवाहरपुर 2X660 मेगावाट परियोजना में Mode of Payment हरदुआगंज 1X660 मेगावाट की शर्तो को ही अंगीकृत कर निविदा की गयी थी। जवाहरपुर 2x660 मेगावाट तापीय परियोजना मे LC के माध्यम से मै0 दूसान के बिलों के भुगतान हेतु LC खुलवाने की कार्यवाही की जा रही है तथा इस के लिये संबंधित बैंक द्वारा LC के माध्यम से भुगतान हेतु बैंक द्वारा निदेशक मण्डल के अनुमोदन की प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जा रहा है।

**निदेशक मण्डल ने सम्यक विचारोपरान्त हरदुआगंज 1X660 मेगावाट परियोजना के लिये निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित ई0पी0सी0 कार्यदायी संस्था को भुगतान Letter of Credit के माध्यम से किये जाने हेतु ऐजेण्डा के प्रस्तर–2 में वर्णित शर्त को जवाहरपुर 2X660 मेगावाट परियोजना में अंगीकृत किये जाने का कार्यत्तर अनुमोदन प्रदान किया।**

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए समाप्त हुई।

बैठक साय 5:00 बजे प्रारम्भ होकर सांय 5:30 बजे समाप्त हुई।

दिनांक : 17-01-2019

(सेंथिल पांडियन सी0)
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

CHAIRMAN'S INITIAL